कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा

(Email Id- eescd.mrh@gmail.com)

(Mob. No- 7463889600)

पत्रांक.....⁄ मढ़ौरा ,दिनांक...../ 2026

अल्पकालीन नीलामी सूचना सं0–01 / 2026–27

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन प्रमंडल पदाधिकारी,गोपालगंज वन प्रमंडल ,गोपालगंज का पत्रांक 3093 दिनांक 27.10.2026 के द्वारा प्राप्त मुल्यांकन के आधार पर एवं बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता नियमावली के नियम **294iii(1)** के आलोक में सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा अन्तर्गत पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के पुनर्स्थापन कार्य में बाधक वृक्षों के पातन कर अस्थायी वनागार , सारण नहर अवर प्रमंडल मढ़ौरा के कैम्पस में रखे गये लकड़ियों का निलामी प्रकिया के तहत् निम्नाकित शर्तो के अधीन दिनांक 26.11.2026 अपराह्न 3:00 बजे से नीलामी किया जायेगा।

ग्रुप सं0	प्रमंडल / कार्यालय का नाम	लकड़ियों का विवरण	निलामी की न्यूनतम बोली (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)
1	2	3	4	5
01	सारण नहर प्रमंडल मढ़ौरा	संलग्न सूची के अनुसार	1736680.00	347400.00 (20% नीलामी की न्यूनतम बोली का)

नीलामी की शर्तेः–

1. इच्छुक फ़र्म / आवेदक के समक्ष निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यपालक अभियंता ,सारण नहर प्रमंडल मढ़ौरा के कार्यालय में संलग्न सूची के अनुसार अस्थायी वनागार , सारण नहर अवर प्रमंडल मढ़ौरा में Stack किये हुए लकड़ियों की नीलामी संपन्न होगी।
2. नीलामी में बोलीदाताओं की सुविधा हेतु Stack लकड़ियों की एक मुस्त बोली लगायी जायेगी एवं सुरक्षित जमा राशि एवं अन्य संबधित कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।
3. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को कॉलम सं0– 05 में अंकित अग्रधन की राशि दिनांक 25.11.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यपालक अभियन्ता, सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा के कार्यालय में आवेदन–पत्र के साथ जमा करना होगा। अग्रधन की राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट जो **EXECUTIVE ENGINEER, SARAN CANAL DIVISION, MARHOWRAH** के पदनाम से भुगतेय हो जमा करने के पश्चात ही नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी स्थिति में आवेदन एवं सुरक्षित राशि स्वीकार नही किया जायेगा।
4. न्यूनतम निर्धारित बोली से कम की बोली लगाने की अनुमति नही होगी।
5. आवेदक के आवेदन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी0 एस0 टी0 (अद्यतन) एवं घोषणा पत्र संलग्न करना होगा।
6. संलग्न घोषणा पत्र को परिशिष्ट– **A** के अनुसार **Affidavit** के रूप में समर्पित करना होगा।
7. नीलामी की प्रक्रिया में जल संसाधन विभाग या इससे संलग्न / अधीन किसी भी कार्यालय के सरकारी पदाधिकारी / कर्मी भाग नही लेंगे।
8. नीलामी में सफल बोलीकर्ता को नीलामी की राशि बैंक ड्राफ्ट / डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में अगले सात दिनों के अन्दर कार्यपालक अभियन्ता, सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा के कार्यालय में जमा करना होगा। तत्पश्चात् अद्योहस्ताक्षरी द्वारा लकडियों का विमुक्ति आदेश निर्गत किया जायेगा। उक्त अवधि के अन्तर्गत नीलामी की राशि जमा नही करने पर अग्रधन एवं ब्याना राशि जब्त कर ली जायेगी। इस मामले में अद्योहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।
9. सफल बोलीदाता को अपनी लागत और जिम्मेदारी पर 15 दिनों के अन्दर लकड़ियों का उठाव अपने खर्च पर कर लेना होगा।

Scanned with CamScanner

10. कार्य दिवस में नीलामी योग्य लकड़ियों का अवलोकन एवं अन्य जानकारी हेतु कार्यपालक अभियन्ता, सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा से सम्पर्क किया जा सकता है।
11. बिना कारण बताए किसी भी समय नीलामी की प्रक्रिया रोकने/रद्द करने एवं अस्वीकार करने का निर्णय अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा तथा उनका निर्णय अन्तिम होगा।
12. सफल बोलीदाता को अपना व्यय पर लकड़ियों का उठाव एवं परिसर का साफ–सफाई करना होगा।
13. असफल बोलीदाता को नीलामी के 07 दिनों के बाद अगामी कार्यदिवस में जमा राशि वापस किया जायेगा।
14. उच्चतम बोलीदाता द्वारा उच्चतम बोली का **18%** जी0 एस0 टी0 अतिरिक्त देना होगा।
15. लकड़ियों की बिक्री स्थल से नही की जायेगी।

ह0/–
(ई० मिथिलेश कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा।

पत्रांक.....//मढ़ौरा, दिनांक...../2026

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियन्ता, सारण नहर अंचल, छपरा/मुख्य अभियन्ता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/–
(ई० मिथिलेश कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा

पत्रांक.....//मढ़ौरा ,दिनांक...../2026

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित अवर प्रमंडल पदाधिकारी/सभी कनीय अभियन्ता, सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा के अन्तर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेशित। निदेश है कि अपने स्तर से नीलामी के संबंध में आवश्यक प्रचार–प्रसार करने की कार्रवाई करेंगे ताकि अधिक से अधिक राजस्व की प्राप्ति हो सकें।

ह0/–
((ई० मिथिलेश कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा।

पत्रांक.....1803...../ मढ़ौरा, दिनांक.....28/10...../2026

प्रतिलिपिः– सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना एवं प्रभारी आई0 टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि इस नीलामी सूचना को वेबसाईट पर अपलोड करते हुए दो दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराया जाय।

अनु0:– Soft Copy (PDF and M.S Word)

28/10/26

28/10/2026
(ई० मिथिलेश कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा।

28/10/26.

Scanned with CamScanner